

# 18 साल बाद आरसीबी का 'विराट' ख्वाब पूरा

## फाइनल में पंजाब किंग्स को छह रन से हराकर जीता आईपीएल का खिताब

**ऑरेंज कैप**



साई सुदर्शन
15 मैच में बनाए 759 रन
10 लाख

**पर्पल कैप**



प्रसिद्ध कृष्णा
15 मैच में 25 विकेट
10 लाख

**अहमदाबाद 3 जून. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को 6 रनों से हराकर आईपीएल 2025 ट्रॉफी जीत ली है. आईपीएल के 18 सालों के इतिहास में आरसीबी पहली बार चैंपियन बनी है.**

यह पहली बार है जब अहमदाबाद में कोई आईपीएल फाइनल खेला गया हो और पहले बैटिंग करने वाली टीम जीती हो. आरसीबी ने पहले खेलते हुए 190 रन बनाए थे, जवाब में पंजाब की टीम 184 रन ही बना सकी. पंजाब किंग्स को 191 रनों का लक्ष्य मिला था. इस बड़े लक्ष्य का पीछा करने पंजाब ने ओपनिंग में 2 अनकैप्ड खिलाड़ियों को उतारा. प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह ने अपनी टीम को तेज शुरुआत दिलाई, लेकिन प्रियांश 24 रन बनाकर आउट हो गए. फिल साल्ट ने गजब का कैच लपक कर प्रियांश को पवेलियन भेजा था. सबकुछ ठीक चल रहा था और पंजाब का स्कोर एक विकेट के नुकसान पर 72 रन हो गया था, लेकिन अगले 26 रन के भीतर पंजाब ने 3 महत्वपूर्ण विकेट गंवा दिए.

इस महत्वपूर्ण मैच में कप्तान श्रेयस अय्यर भी केवल 1 रन बना पाए. देखते-देखते पंजाब ने 98 के स्कोर पर 4 विकेट गंवा दिए थे. नेहल और शशांक सिंह ने धीरे-धीरे पारी को आगे बढ़ाते हुए मिलकर 38 रन जोड़े, लेकिन एक बार विकेटों का पतझड़ शुरू होने के बाद जैसे पंजाब के हाथ से मैच फिसलता ही चला गया. पंजाब ने महज 9 विकेट के भीतर 3 विकेट गंवा दिए थे.




### किसको कितनी राशि मिली

| | |
|---|---|
| विजेता टीम आरसीबी को | 20 करोड़ |
| उप विजेता पंजाब को | 13 .5 करोड़ |
| क्वालीफायर -2 से बाहर हुई टीम मुंबई को | 7 करोड़ |
| एलिमिनेटर हारने वाली टीम गुजरात टाइटंस को | 6 .5 करोड़ |


### जीत के बाद भावुक हुए विराट

जीत के बाद विराट कोहली ने कहा, यह जीत जितनी हमारी टीम के लिए है, उतनी ही हमारे फैंस के लिए भी है. यह 18 लंबे सालों का इंतजार था. मैंने अपना युवावस्था, अपना सर्वश्रेष्ठ समय इस टीम को दिया. मैंने इसमें अपनी पूरी ताकत झोंक दी. मुझे कभी नहीं लगा था कि यह दिन भी आएगा.




### जय शाह पहुंचे नरेंद्र मोदी स्टेडियम

आईसीसी प्रेजिडेंट जय शाह अपनी पत्नी ऋषिता पटेल के साथ मैच देखने पहुंचे. जय साल 2019 में बीसीसीआई के सबसे युवा सेक्रेटरी बने थे. वो लगभग 5 साल तक बीसीसीआई के सेक्रेटरी के रूप में काम करते रहे हैं. इसके बाद जय साल 2024 में आईसीसी के प्रेजिडेंट चुने गए थे.



### प्रियांश आर्य तोड़ गए रिकार्ड

प्रियांश आर्य ने 19 गेंदों पर 24 रन बनाए, जिसमें चार चौके शामिल रहे. इस छोटी सी इनिंग्स के दौरान भी प्रियांश आर्य ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की. प्रियांश अब डेब्यू आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले अनकैप्ड भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं.



### ऋषि सुनक पत्नी संग देखने पहुंचे फाइनल



ब्रिटेन के पूर्व पीएम ऋषि सुनक अपनी पत्नी अक्षता मूर्ति के साथ इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का फाइनल मुकाबला देखने पहुंचे. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व ट्विटर) पर अपनी तस्वीर शेयर की है. ऋषि सुनक की यह यात्रा केवल एक क्रिकेट मैच देखने तक सीमित नहीं रही, बल्कि इससे भारत और ब्रिटेन के बीच सांस्कृतिक और खेल संबंधों को भी मजबूत करने की उम्मीद जताई जा रही है.

# डी. गुकेश ने हमवतन ग्रैंडमास्टर अर्जुन को हराया

## गुकेश नॉर्वे चेस में दूसरे स्थान पर



**स्टवान्गर (नौंवे) 03 जून (वार्ता) नॉर्वे शतरंज 2025 के सातवें राउंड में मौजूदा विश्व चैंपियन डोमाराजू गुकेश ने रोमांचक मुकाबले में हमवतन अर्जुन एरिगैसी को हराया।**

गुकेश ने अर्जुन को पहली बार क्लासिकल चेज में हराया है। यह टूर्नामेंट में गुकेश की लगातार दूसरी जीत है।

इस जीत के साथ ही गुकेश के 11.5 अंक हो गए हैं और वह चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर पहुंच गये है। अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना 12.5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं।

**महिला वर्ग में मिली हार**

महिला वर्ग में यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक ने आर्मागेडन टाई-ब्रेक में दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी को हराया। एक अन्य भारतीय खिलाड़ी आर वैशाली को चीन की लेई टिंगजी से हार का सामना करना पड़ा।

**क्लासिकल चेस में अर्जुन पर पहली जीत**
**गुकेश अब 11 .5 अंक के साथ दूसरे स्थान पर**
**फैबियानो कारूआना 12 .5 अंकों के साथ शीर्ष पर**

# इस बार विंबलडन में नहीं खेल पाएंगे किर्गियोस

**लंदन,03 जून. विंबलडन में 2022 के उपविजेता निक किर्गियोस चोटिल होने के कारण इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट और इस सत्र में ग्रास कोर्ट पर होने वाली अन्य प्रतियोगिताओं में नहीं खेल पाएंगे।**

यह आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी कलाई और घुटने के ऑपरेशन सहित कई अन्य चोटों से जूझ रहा है।उन्होंने 2025 में केवल पांच एकल मैच खेले हैं, जिसमें उनका रिकॉर्ड 1-4 रहा है। उन्होंने मियामी ओपन के रूप में अपना अंतिम टूर्नामेंट खेला था, जहां उन्होंने लगभग ढाई साल में पहली बार कोई मैच जीता था।



किर्गियोस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, ''मेरी रिकवरी में छोटी सी बाधा आई है और दुर्भाग्य से मैं इस साल ग्रास कोर्ट पर होने वाली प्रतियोगिताओं में नहीं खेल पाऊंगा।विंबलडन 30 जून से शुरू होगा।



# जोकोविच की फ्रेंच ओपन टेनिस में 100वीं जीत

## कैमरून नोरी को सीधे सेटों में हराया

**पेरिस, 03 जून (वार्ता) सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने फ्रेंच ओपन में ब्रिटेन के कैमरून नोरी को एकल वर्ग में हराकर अपनी 100वीं जीत हासिल की है।**

सोमवार को खेले गये प्री क्वार्टर फाइनल में 38 वर्षीय जोकोविच ने ब्रिटेन के नोरी पर सीधे सेटों में 6-2, 6-3, 6-2 से जीत दर्ज की और लगातार 16वें साल रोलांड गैरोस के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

**जेवरेव ने ग्रिक्सपूर के रिटायर होने पर प्रवेश पाया**

एक अन्य मुकाबले में डेनमार्क के टैलोन ग्रिक्सपूर के 6-4, 3-0 से पिछड़ने के दौरान उन्हें पेट में परेशानी के कारण मैच से हटने से जर्मनी के अलेक्जेंडर जेवरेव ने आठ साल में सातवीं बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

**सेमीफाइनल में इगा के सामने सबालेंका**

चार बार की चैम्पियन इगा स्वियातेक ने रोलां गैरो पर लगातार 26वीं जीत दर्ज करके फ्रेंच ओपन महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका से होगा ।स्वियातेक ने स्वितोलिना को 6 . 1, 7 . 5 से हराया । सबालेंका ने ओलंपिक चैम्पियन झेंग किंवेन को सीधे सेटों में 7 . 6, 6 . 3 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई ।

## एक नजर में



### जेमिमा रोड्रिग्स बनीं मई की बेस्ट खिलाड़ी

**दुबई.** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने भारतीय महिला टीम की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स को मई महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में नामित किया हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को मई महीने के पुरुष और महिला वर्ग के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए नामांकन की घोषणा की है। आईसीसी ने महिला वर्ग में पिछले महीने में सफेद गेंद प्रारुप में बेहतरीन बल्लेबाजी करने वाली भारत की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स, वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज और दक्षिण अफ्रीका की ऑलराउंडर क्लो ट्रायोन को 'मई माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' के चयन को लेकर नामित किया हैं।

### न्यूजीलैंड की अनुबंध सूची में 4 नए चेहरे

**वेलिंग्टन.** न्यूजीलैंड क्रिकेट ने विकेटकीपर बल्लेबाज मिशेल हे, ऑलराउंडर मुहम्मद अब्बास, तेज गेंदबाज जैक फॉल्क्स और लेग स्पिनर आदित्य अशोक चार नए चेहरों को इस बार केंद्रीय अनुबंध सूची में शामिल किया हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा जारी 20 राष्ट्रीय खिलाड़ियों के केन्द्रीय अनुबंध में ईश सोढ़ी, एजाज पटेल, टिम साउथी और जोश क्लार्कसन को इस वर्ष अनुबंध की पेशकश नहीं की गई। इसके अलावा न्यूजीलैंड क्रिकेट ने केन विलियमसन, डेवोन कॉन्वे, फिन एलन, टिम सीफर्ट और लॉकी फर्ग्यूसन ने केन्द्रीय अनुबंध नहीं किया है।उनके आकस्मिक खेल अनुबंधों पर चर्चा जारी है।नए चेहरों में मिशेल हे ने इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवासीय सीरीज के दौरान नाबाद 99 रन बनाए थे और अब्बास ने इसी श्रृंखला के दौरान 24 गेंदों पर सबसे तेज अपना पहला एकदिवसीय में अर्धशतक बनाया था, वहीं पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ केंद्रीय अनुबंध को फिर से अस्वीकार कर दिया है और उनका अगले महीने जिंबॉब्वे के खिलाफ दो टेस्ट मैच की श्रृंखला में खेलना संदिग्ध है।

### रुद्रांश, संजीव ,आमिर की टीम को रजत पदक


**चांगवोन (दक्षिण कोरिया).** विश्व निशानेबाजी पैरा स्पोर्ट्स विश्वकप (डब्लयूएसपीईस) 2025 के चौथे दिन मंगलवार को स्टैंडर्ड एयर पिस्टल स्पर्धा में रुद्रांश खंडेलवाल, संजीव गिरी और आमिर अहमद भट की टीम ने रजत पदक जीता।भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार वहीं व्यक्तिगत श्रेणी के मुकाबले में रुद्रांश खंडेलवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया।उल्लेखनीय है कि कल 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा के पुरुष वर्ग में रुद्रांश खंडेलवाल और महिला वर्ग में सुमेधा पाठक ने स्वर्ण पदक जीते थे।

## ऑस्ट्रेलिया फिर करेगा पाकिस्तान का दौरा

**कराची, 03 जून.**क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ने कहा है कि उन्होंने अगले साल के शुरू में सफेद गेंद की श्रृंखला के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजने पर सहमति जताई है।ऑनलाइन मीडिया बातचीत के दौरान ग्रीनबर्ग ने कहा कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और अधिक दौरों के लिए पाकिस्तान जाने का इच्छुक है तथा दोनों देशों के बोर्ड के बीच चर्चा चल रही है।उन्होंने कहा,जब भी 'विंडो' उपलब्ध हो, हम पाकिस्तान के साथ लाल गेंद और सफेद गेंद की श्रृंखला का कार्यक्रम बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

# दूसरे दौर में सिंधू और सात्विक-चिराग की जोड़ी

## इंडोनेशिया ओपन में लक्ष्य सेन और प्रणय पहले दौर में हारे



**जकार्ता,03 जून.** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने मंगलवार को इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। हालांकि, भारत के लिए निराशाजनक खबर यह रही कि लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय अपने पहले दौर के मुकाबले हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

महिला एकल में पीवी सिंधु ने अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी जापान की नोजोमी ओकुहारा को एक घंटे 19 मिनट के रोमांचक मुकाबले में 22-20, 21-23, 21-15 से मात दी। अब राउंड 16 में उनका सामना थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग से होगा। मालविका बंसोड़ चोट के कारण इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी के खिलाफ मैच के बीच में ही रिटायर हो गईं।


पुरुष युगल में सात्विक और चिराग की जोड़ी ने इंडोनेशिया के लियो रॉली कार्नांडो और बागास मौलाना को 67 मिनट तक चले मुकाबले में 18-21, 21-18, 21-14 से हराकर राउंड 16 में जगह बनाई।

**निराश** | इंस्टाग्राम लाइव में संन्यास की घोषणा की, पीकेएल इतिहास के सबसे सफल रेडर रहे परदीप

# डुबकी किंग परदीप नरवाल ने कबड्डी से लिया संन्यास

**मुम्बई 03 जून (वार्ता)** महाराष्ट्र के मुंबई में प्रो कबड्डी लीग 2025 की नीलामी में किसी भी टीम द्वारा नहीं खरीदे जाने पर परदीप नरवाल ने कबड्डी खेल से संन्यास ले लिया है।

परदीप ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम लाइव में कहा, सच कहूं तो उस वक्त मुझे कुछ महसूस नहीं हुआ। मैंने सोचा था कि कोई न कोई टीम जरूर खरीदेगी। उन्होंने कहा, जब मैं पटना के लिए खेलता था, तब मैं 200-300 प्वाइंट्स बनाता था। अब तो 111 या 122 भी कम लगते हैं। मैं हर मैच में 15-16 प्वाइंट्स बनाना चाहता था, सिर्फ तीन-चार नहीं।परदीप ने कहा कि वह संन्यास लेन के बाद कोचिंग में हाथ आजमाएंगे। परदीप को प्रो कबड्डी के इतिहास के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक माना जाता है। उन्होंने कबड्डी को देशभर में लोकप्रिय बनाने में बड़ा योगदान दिया। उन्होंने पटना पाइरेट्स को लगातार तीन सीजन (सीजन तीन से पांच तक) में चैंपियन बनाया। वह पीकेएल में 1000 और 1500 रेड प्वाइंट्स पार करने वाले पहले खिलाड़ी बने। भारत के लिए खेलते हुए उन्होंने 2016 कबड्डी वर्ल्ड कप, 2017 एशियन कबड्डी चैंपियनशिप और 2018 दुबई कबड्डी मास्टर्स जीते।



परदीप को उनकी खास चाल 'डुबकी' की वजह से प्यार से उन्हें डुबकी किंग कहा जाता है। उन्होंने कुल 190 मैचों में 1801 रेड प्वाइंट्स लेकर प्रो कबड्डी के सबसे सफल रेडर के रूप में संन्यास लिया।

## नीरज चोपड़ा क्लासिक अब 5 जुलाई को

**बेंगलुरु,03 जून.**भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के कारण पिछले महीने स्थगित की गई नीरज चोपड़ा क्लासिक अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता अब पांच जुलाई को यहां आयोजित की जाएगी। आयोजकों ने मंगलवार को यह घोषणा की ।भारत में पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। पहले यह प्रतियोगिता 24 मई को आयोजित की जानी थी। इस प्रतियोगिता का आयोजन ओलंपिक में दो पदक जीतने वाले चोपड़ा द्वारा जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के सहयोग से किया जा रहा है और इसे भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) से मंजूरी मिली हुई है।